# हरि नाम का तू भजन थोड़ा करले | By Sanjay Chauhan |

हरि नाम का तू,
भजन थोड़ा करले,
प्रभु से मिलन,
का जतन थोड़ा करले,
हरि नाम का तू,
भजन थोड़ा करले।

शबरी के घर प्रभु,
चल कर आए,
उस भक्तन को,
दरश दिखाए,
हरि को पाने का,
प्रण थोड़ा करले,
हरि नाम का तू,
भजन थोड़ा करले।

भरी सभी में,
द्रौपदी पुकारे,
हरि आकर के,
चिर बढ़ावे,
हरि चरणों में,
नमन थोड़ा करले,
हरि नाम का तू,
भजन थोड़ा करले।

राणा ने मीरा को,
ज़हर पिलाया,
ज़हर का प्याला,
अमृत बनाया,
हरि दर्शन का,
जतन थोड़ा करले,
हरि नाम का तू,
भजन थोड़ा करले।

भक्त से बढ़कर,
भक्ति बड़ी है,
हरि के नाम में,
वो शक्ति बड़ी है,
हरि नाम का,
सुमिरन थोड़ा करले,
हरि नाम का तू,
भजन थोड़ा करले।

हरि नाम का तू,
भजन थोड़ा करले,
प्रभु से मिलन,
का जतन थोड़ा करले,

हरि नाम का तू,
भजन थोड़ा करले।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%bf-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ad%e0%a4%9c%e0%a4%a8-%e0%a4%a5%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%b2/